वेबसाइट हेतु

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

विज्ञा.सं.आईसीएमआर/डीआईआर/02/2026-आरएंडपीसेल

रिक्ति परिपत्र

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख: 30.11.2026

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय, देशभर में फैले अपने 28 संस्थानों/केंद्रों और बड़ी संख्या में फील्ड स्टेशनों के माध्यम से, भारत में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से जैव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है।

यह परिषद अखिल भारतीय स्थानांतरण के दायित्व सहित **सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)/आमेलन के माध्यम से** नियमित आधार पर **वेतन मैट्रिक्स (₹1,44,200-2,18,200)** (7वें वेतन आयोग) **के वेतन स्तर-14** तथा आईसीएमआर के कर्मचारियों को यथा स्वीकार्य सामान्य भत्तों सहित **निदेशक (ग्रुप 'ए' - वैज्ञानिक)** के निम्नलिखित रिक्त पदों को भरने हेतु दिनांक **30.11.2026 को सायं 5:30 बजे तक** भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव:

पद का नाम	अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव
निदेशक - राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर), द्वारका, नई दिल्ली।*	**सीधी भर्ती द्वारा:** **i) अनिवार्य शैक्षिक योग्यता**: एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त एमडी/एमएस या समकक्ष डिग्री। **या** किसी विश्वविद्यालय से एमपीएच के साथ एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस या समकक्ष डिग्री के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री। **या** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषय में पीएच.डी. के साथ एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री, या एमबीबीएस या समकक्ष डिग्री । **ii) अनिवार्य अनुभव:** 15 वर्ष का अनुभव। **क**. प्रबंधकीय पद पर 05 वर्ष का अनुभव तथा स्वतंत्र रूप से अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का संचालन किया हो (अर्थात वैज्ञानिक अध्ययनों में प्रधान अन्वेषक (PI) या सह-प्रधान अन्वेषक (Co-PI) के रूप में कार्य किया
निदेशक - राष्ट्रीय पारंपरिक चिकित्सा संस्थान (एनआईटीएम), बेलगावी।*	
निदेशक - राजेंद्र स्मारक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आरएमएनआईएचआर), पटना, बिहार।*	

	हो, अनुसंधान समूहों/केंद्रों/संस्थानों/प्रयोगशालाओं के प्रमुख के रूप में कार्य किया हो)। **और**
पद का नाम	**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव**
निदेशक - राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), उत्तर।*	**ख.** वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-13-A में 02 वर्ष की नियमित सेवा अथवा वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-13 में 07 वर्ष की नियमित सेवा अथवा समय-समय पर यथा संशोधित समकक्ष वेतन स्तर में नियमित सेवा। **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) /आमेलन द्वारा:** केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के मान्यता प्राप्त स्वायत्त संगठनों अथवा अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक: **क**. नियमित आधार पर समकक्ष पद; अथवा **ख**. सीधी भर्ती के लिए निर्धारित समान अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव धारी। **नोट:** (i) प्रतिनियुक्ति पर निदेशक का पद धारण करने वाले अधिकारी को निदेशक के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष की निरंतर नियमित सेवा पूरी करने पर, वैज्ञानिक संवर्ग में रिक्ति उपलब्ध होने की स्थिति में, परिषद में निदेशक ग्रेड के निदेशक वैज्ञानिक अर्थात वैज्ञानिक 'जी'/प्रमुख के पद पर आमेलन हेतु विचार किया जा सकता है। (ii) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन की अंतिम तारीख तक 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (iii) परिषद के वैज्ञानिक प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्हें सीधी भर्ती के अंतर्गत आवेदन करना होगा। (iv) प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्रीय सरकार के समान या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारण किए गए अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
निदेशक - राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईएचआर), दक्षिण।*	

*** आईसीएमआर-एनआईएमआर, द्वारका, नई दिल्ली तथा आईसीएमआर-एनआईटीएम, बेलगावी, निदेशक के पद लियन रिक्तियों की एवज़ में और लियन वापसी के अधीन हैं।**

अनिवार्य अनुभव एवं शैक्षिक योग्यता पर नोट:

1. पीएच.डी. 4 वर्ष के अनुभव के रूप में मान्य होगी(डिग्री पूरी करने में चाहे कितना भी समय लिया गया हो)।
2. एमडी/एमएस या समकक्ष डिग्री 3 वर्ष के अनुभव के रूप में मान्य होगी।
3. एमवीएससी 2 वर्ष के अनुभव के रूप में मान्य होगी।

4. एमपीएच/एम.टेक/एम.ई. किसी भी प्रकार के अनुभव के रूप में मान्य नहीं होगी।
5. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव स्वीकार्य होगा। प्रत्येक पद के संबंध में अनुसंधान एवं विकास का अनुभव निम्नलिखित क्षेत्रों में होना चाहिए:

   (क) **निदेशक, आईसीएमआर-एनआईएमआर, द्वारका, नई दिल्ली:** मलेरिया से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव।

   (ख) **निदेशक, आईसीएमआर-एनआईटीएम, बेलगावी:** एकीकृत/पारंपरिक चिकित्सा के विकास से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव।

   (ग**) निदेशक, आईसीएमआर -एनआईएचआर उत्तर, निदेशक, आईसीएमआर -एनआईएचआर दक्षिण तथा निदेशक, आईसीएमआर -आरएमएनआईएचआर, पटना:** संचारी रोगों अथवा असंचारी रोगों अथवा प्रजनन स्वास्थ्य अथवा बाल स्वास्थ्य अथवा पोषण से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव।
6. आवेदक के निजी क्षेत्र अथवा विदेशी प्रयोगशालाओं/संस्थानों से होने पर वेतनमान की समतुल्यता का निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।
7. असाधारण रुप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में ICMR की शासी परिषद के अध्यक्ष के अनुमोदन से लिखित रूप में कारण दर्ज करते हुए योग्यताओं एवं अनुभव में छूट दी जा सकती है।

   # न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने में व्यतीत की गई अवधि को अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

2. आयु सीमा:

अधिकतम 58 वर्ष ।

नोट आयु में छूट संबंधी भारत सरकार के मौजूदा अनुदेशों के अलावा, असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में उनके बायोडाटा /अनुभव के आधार पर लिखित रूप में कारण दर्ज करते हुए परिषद की शासी परिषद के अध्यक्ष की स्वीकृति से अनिवार्य निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।

3. नियुक्ति की अवधि:

(i) **सीधी भर्ती द्वारा:** 5 वर्ष, जिसे अधिकतम 5 वर्ष तक , अथवा सेवानिवृत्ति की आयु तक बढ़ाया जा सकता है, जो भी पहले हो।

नोट:

(क) निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान, परिषद के वैज्ञानिकों का परिषद में उनके मूल पद पर लियन (पदधारणाधिकार) बना रहेगा।

(ख) परिषद के वैज्ञानिकों को निदेशक के रूप में कार्यकाल पूरा होने पर(बढ़ाये गये कार्यकाल सहित, यदि हो तो) परिषद के किसी भी संस्थान/केंद्र/मुख्यालय में वैज्ञानिक 'जी' का पद सेवानिवृत्ति की आयु तक दिया जाएगा। वेतन एवं भत्तों को नियमानुसार सुरक्षित रखा जाएगा।

(ग) निदेशक के कार्यकाल वाले पद पर कार्यरत गैर-आईसीएमआर वैज्ञानिक को निदेशक के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष की निरंतर नियमित सेवा पूरी करने पर, परिषद में वैज्ञानिक संवर्ग में रिक्ति उपलब्ध होने की स्थिति में, निदेशक ग्रेड वैज्ञानिक अर्थात वैज्ञानिक 'जी' के पद पर आमेलन हेतु विचार किया जा सकता है।

(ii) **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) / आमेलन के माध्यम से:** प्रतिनियुक्ति की अवधि 5 वर्ष होगी (जिसे अधिकतम 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, केवल तभी जब संबंधित अधिकारी का ICMR में आमेलन हो जाता है)।

4. आवेदन शुल्क:

आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) के रुप में ₹1,500/- (केवल एक हजार पाँच सौ रुपये) अपेक्षित है। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /महिला/दिव्यांगजन /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट है। आवेदन शुल्क का भुगतान उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से किया जाना है।

5. आवेदन कैसे करें:

i) उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से निम्न लिंक पर https://recruitment.icmr.org.in आवेदन करें।

ii) आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व-सत्यापित दस्तावेज संलग्न किए जाने अपेक्षित है:
(क) जन्म तिथि प्रमाण।
(ख) शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण-पत्र।
(ग) कार्यालय प्रमुख/संगठन प्रमुख/मानव संसाधन प्रमुख द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र, जिसमें सेवा की अवधि एवं तारीखों का स्पष्ट उल्लेख हो।

iii) एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा और, निर्धारित आवेदन शुल्क भी अलग-अलग से जमा करना होगा,जहां लागू हो।

6. अन्य शर्तें:

(i) आवेदन-पत्र ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ जमा किया जाना चाहिए।

(ii) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगें,कारण चाहे जो भी हों।

(iii) यदि भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी समय आवेदन में दी गई कोई जानकारी झूठी पाई जाती है अथवा किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाने की जानकारी सामने आई, तो संबंधित उम्मीदवार की उम्मीदवारी/सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

(iv) अपूर्ण आवेदन अथवा अपेक्षित सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन रद्द किए जाने योग्य हैं।

(v) शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव के दावे के समर्थन में संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।

(vi) व्यक्तिगत चर्चा के समय केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में कार्यरत आवेदकों को अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। और यह लिखित आश्वासन भी देना होगा कि "नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर आवेदक को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।"

(vii) किसी भी उम्मीदवार द्वारा (राजनीतिक अथवा अन्य किसी प्रकार का) बाहरी प्रभाव डालने का प्रयास किए जाने पर उसकी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

(viii) जिन मामलों के लिए कोई विशेष अनुदेश नहीं दिया गया है, उन पर परिषद द्वारा निर्णय लिया जाएगा तथा यह निर्णय उम्मीदवारों के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(ix) आगे की कोई भी जानकारी/सूचना केवल परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अघतन जानकारी एवं अपडेट के लिए नियमित रूप से परिषद की वेबसाइट देखते रहें।

(x) इस विज्ञापन के अंतर्गत भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्राधिकार नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधीन होगा।

(xi) परिषद इस रिक्ति परिपत्र में संशोधन करने, इसे रद्द करने अथवा नए सिरे से प्रकाशित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

7. अल्पसूचीबध्दता मानदंड:

क) प्रथम चरण में, आयु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता तथा अपेक्षित अनुभव (जहाँ भी अनिवार्य हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी उम्मीदवारों की प्रारंभिक रूप से चयनित किया जाएगा।

ख) यदि छंटनी किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो जाती है और सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं हो पाता है, तो परिषद के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित उपयुक्त प्रारंभिक अल्पसूचीबध्दता मानदंडों के आधार पर उम्मीदवारों की आगे छँटनी करेगा।

यद्यपि यह मानदंड मामले-दर-मामले और उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर अलग-अलग हो सकता है, फिर भी ICMR सामान्यतः संबंधित क्षेत्र में अधिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों अथवा उच्च शैक्षिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देता है। और इसका अंतिम निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा।

नोट:

किसी भी तकनीकी सहायता अथवा भुगतान संबंधी पूछताछ के लिए कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक (भारतीय मानक समय) दूरभाष: 011-26589167 अथवा ई-मेल: query.rpcell@icmr.gov.in पर संपर्क करें।

(रीमा शर्मा)
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)